2.1

# NOTE FOR JUSTIFICATION

**परियोजना का नाम– एस0सी0पी0 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विकास खण्ड भैसियाछाना के नौगाँव से कनारीछीना मोटर मार्ग का निर्माण (लम्बाई 2.015 किमी0)**

उक्त मोटर मार्ग पी0एम0जी0 एस0वाई0 खण्ड अल्मोड़ा द्वारा पूर्व निर्मित खौलखीर–नौगाँव मोटर मार्ग के किमी0 6 हैक्टोमीटर 8–10 से प्रारम्भ होकर कनारीछीना को जोड़ता है। जोकि बाड़ेछीना सेराघाट मोटर मार्ग के किमी0 31 में मिलता है। उक्त मोटर मार्ग की प्रशासनिक एवे वित्तीय स्वीकृती शासनादेश सं0– 2102/।।।(2)/16–62 (एम0एल0ए0)/2016 दि0 11–7–2016 द्वारा 4 किमी0 हेतु रूपया 14.58 लाख कि स्वीकृती प्राप्त हुई है।

**समरेखन न0 1–** यह समरेखन पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड द्वारा पूर्व निर्मित खौलखीर–नौगाँव मोटर मार्ग के किमी0 6 है0 मीटर 8 से 10 से प्रारम्भ होकर कानारीछीना को जोड़ता है जो कि बाडेछीना–सेराघाट मोटर मार्ग के किमी0 31 में मिलता है। उक्त मोटर मार्ग की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति शा0 सं0 2102/।।। /(2)/16–62 (एम0एल0ए0)/2016 दि0–11/07/2016 से 4.00 किमी0 हेतु रू0 14.58 लाख प्राप्त हुई है। मोटर मार्ग की वास्तविक लं0 2.015 किमी0 आती है। जिसका वन भूमि प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इस समरेखन में ग्रामवासियों की सहमति प्राप्त है। इस समरेखन में एक एच0पी0 बैण्ड आता है। इस समरेखन में नौगाँव व हटौला गाँव लाभान्वित होते है।

**समरेखन न0 2–** यह समरेखन पूर्व निर्मित जमरानी बैण्ड से नौगाँव सी0सी0 मोटर मार्ग के किमी0 2 के है0मीटर 0–2 से प्रारम्भ होकर कनारीछीना को जोड़ता है। जो कि बाड़ेछीना–सेराघाट मोटर मार्ग के किमी0 31 में मिलता है। इस समरेखन में प्रस्तावित मार्ग की ल0 2.00 किमी0 आती है। इस समरेखन में ग्रामवासियों की सहमति नहीं है। इस समरेखन में 3 एच0पी0 बैण्ड आते है। यह समरेखन में उक्त ग्राम नौगाँव व हटौला लाभान्वित होते है।

उक्त मार्ग की लं0 2.015 किमी0 है मार्ग की चौ0 9.00 मीटर ली गयी है। मार्ग के निर्माण में 1. 242 है0 सिविल एवं सोयम भूमि तथा 0.135 है0 वनपंचायत भूमि कुल 1.377 है0 वनभूमि तथा 0.437 है0 नाप भूमि प्रभावित होती है। अन्य किसी श्रेणी की भूमि प्रभावित नहीं होती है। स्थल चयन के अंन्तर्गत कोई मकान,मस्जिद, कब्रस्तान का भाग नहीं पड़ता है। इस मोटर मार्ग का भूगर्भीय सर्वेक्षण कर लिया गया है जो कि उचित पाया गया। मोटर मार्ग का समरेखन अधीक्षण अभियन्ता से स्वीकृत है। तथा मोटर मार्ग के निर्माण से 1369 जनसंख्या लाभान्वित होती है। सड़क बनने से निश्चित रूप से क्षेत्र का विकास होगा।

अतः प्रस्तावित भूमि का वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृत करने की कृपा करे।

6/6/18
सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
अल्मोड़ा

प्रभागीय वनाधिकारी
सिविल एवं सोयम वन प्रभाग,
अल्मोड़ा.

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
अल्मोड़ा

Amin 2